an>

Title: Need to achieve the targets set under Rajiv Gandhi Gramin Vidyutikaran Yojana in the country.

श्री रामजीलाल सुमन (फ़िरोज़ाबाद) : वर्तमान सरकार ने गांवों के विकास के संदर्भ में एक महत्वाकांक्षी योजना "राजीव गांधी ग्राम विद्युतीकरण योजना" वर्ष 2005 में शुरू की थी और लक्ष्य रखा कि 2009 तक देश के सभी गांवों में विद्युतीकरण का कार्य पूरा कर लिया जायेगा, परंतु वर्ष 2006-07 में 40,000 गांवों की तुलना में मात्र 28,706 गांवों का ही विद्युतीकरण किया जा सका। योजना के तहत वर्ष 2006-07 हेतु निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं किया गया एवं अगले वित्तीय वर्ष 2006-07 (15 फरवरी-08) में कार्य का लक्ष्य ही कम कर मात्र 9,000 गांव ही विद्युतीकरण के लिए रखे गए पर इसे भी पूरा नहीं किया गया और इसमें से मात्र 7,077 गांवों का ही विद्युतीकरण हो पाया।

वर्ष 2008-09 में इस योजना के तहत 67,445 गांवों में विद्युतीकरण कार्य का लक्ष्य रखा गयाहै पर इसके लिए मात्र 5,500 करोड़ रूपए ही उपलब्ध करवाए गए हैं जबकि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगभग 24,000 करोड़ रूपए की आवश्यकता पड़ेगी।

यह अत्यधिक गंभीर मामला है सरकार मंत्रालयों द्वारा चालू की गई योजनाओं को पूरा करने को प्राथमिकता दे जिससे गांवों के विकास का रास्ता खुले और देश में फैली बेरोजगारी, अशिक्षा जैसी तमाम समस्याओं का समाधान हो सके।